>

Title: Need to send a central team to inspect the quality of work executed under Jawaharlal Nehru National Urban Renewal Mission in Madhya Pradesh.

श्री प्रेमचन्द गुड्डू (उज्जैन): माननीय अध्यक्षा जी, मैं सदन का ध्यान केन्द्र सरकार की जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीनीकरण मिशन के क्रियान्वयन में मध्य प्रदेश राज्य में हो रहे अनियमितताओं की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। हाल ही में राज्य आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो ने जेएनएनयूआरएम के तहत उज्जैन के लिए मंजूर पेयजल सप्लाई लाइन डालने के 60 करोड़ रूपये के प्रोजेक्ट में 30 करोड़ रूपये की अनियमितता का प्राथमिक मामला पकड़ा है और जांच प्रकरण दर्ज किया है। यह घटना इस बात की मिसाल है कि मध्य प्रदेश में इस योजना के क्रियान्वयन में कितनी और कैसी लापरवाही बरती जा रही है। इसके पूर्व उज्जैन में ही ""प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क"" योजना और ""केन्द्रीय सड़क निधि"" के तहत मंजूर प्रोजेक्टों में अनियमितताओं की शिकायत मैंने की थी। मेरी शिकायत पर केन्द्र सरकार ने जांच दल भेजा। जांच दल ने जाकर जब मौके पर हालात देखें तो यह पाया कि इन योजनाओं के तहत मंजूर की गई सड़कें हकीकत में बनाई ही नहीं गई तथा कागजों में सड़क का निर्माण पूर्ण दिखाकर पूरा पैसा निकाल लिया गया और जो सड़कें बनाई गई हैं वो मात्र छः महीने में ही टूटकर खराब हो गई है।

मेरा आग्रह है कि जेएनएनयूआरएम के तहत मंजूर किए गए मध्य प्रदेश के प्रोजेक्टों के क्रियान्वयन की गुणवत्ता की जांच के लिए उच्चस्तरीय जांच दल भेजा जाए।